EDII

Rajasthan Patrika

March 28, 2022
Page No.01

अहमदाबाद में पहली ग्लोबल सिंधु समिट 10 अप्रेल को

10 देशों के सिंधी व्यवसायी उद्योगपति और पेशेवर लेंगे भाग

अहमदाबाद. सिंधी समुदाय के युवा वर्ग को शिक्षित और सशक्त बनाने तथा सिंधु संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अहमदाबाद में पहली बार ग्लोबल सिंधु समिट का आयोजन 10 अप्रेल को होगा। इस दिन सिंधी भाषा दिवस भी मनाया जाता है। भारतीय सिंधु सभा यूथ विंग की ओर से आयोजित इस समिट में 10 देशों के सिंधी व्यवसायी, उद्योगपति और पेशेवर भाग लेंगे।

भारतीय सिंधु सभा और ग्लोबल सिंधु शिखर सम्मेलन के समन्वयक निखिल मेठिया ने बताया कि भारत में पहली बार अहमदाबाद के इंदिरा ब्रिज रोड स्थित भाट स्थित उद्यमिता विकास संस्थान में बड़े स्तर पर सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है। शिखर सम्मेलन के साथ-साथ सामाजिक-आर्थिक, सशक्तिकरण, मूल्य आधारित शिक्षा, सामुदायिक कल्याण, करुणा का अभ्यास वैश्विक मित्रता को बढ़ावा जैसे आयोजन होंगे। उनके अनुसार इस समिट के दौरान पूरे दिन में चार कार्यर्र म होंगे। इनमें सिंधु व्यापार सम्मेलन में दुनिया भर से वक्ताओं से सीखने के लिए 600 अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। स्टार्ट अप, डिजिटल मार्केटिंग, बिजनेस लोन और व्यवसाय के लिए कौशल जैसे विषयों के बारे में एक्सपर्ट जानकारी देंगे। इन वक्ताओं में कई जाने माने नाम शामिल हैं। साथ ही सिंधु व्यापार प्रदर्शन का भी आयोजन किया जाएगा, जहां करीब 80 व्यवसायी अपने कारोबार का प्रदर्शन करेंगे।